अक्टूबर/2021

# कार्यालय– जिला संगठक,

श्रीजानकीरमण महाविद्यालय, आगा चौक, रानीताल, जबलपुर, (म०प्र०)

(अन्तर्गत–राष्ट्रीय सेवा योजना, रा.दु.वि.वि.जबलपुर)

फोन :- 0761-2412921 ईमेल : dr.anand.s.rana@gmail.com

06

1

क्रमांक 21/जारम /2021 दिनांक :-18/10/2021

प्रति,

प्राचार्य
समस्त रासेयो युक्त महाविद्यालय
जबलपुर, म.प्र.

विषय : जिला स्तरीय प्री आर.डी.सी.(पूर्व गणतंत्र दिवस) चयन प्रतियोगिता वर्ष 2021-22 के लिए महाविद्यालय की रासेयो इकाई से चयनित स्वयंसेवक के नाम भेजने विषयक।

संदर्भ : 1. भारत शासन के निर्देशानुसार।
2. कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक रासेयो/रादुविवि/2021/6554 दिनांक 12/10/2021।
3. प्राचार्य शास. महाकोशल अग्रणी महाविद्यालय के अनुमोदनोपरांत।

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भ में आपको विदित हो, कि दिनांक 21/10/2021 दिन गुरुवार को शास.महाकोशल महाविद्यालय के प्रागंण में प्रातः 11:00 बजे से पूर्व गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता जिला इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना जिला जबलपुर के अन्तर्गत आयोजित की जा रही है, जिसमें जबलपुर जिले के रासेयो युक्त महाविद्यालय के लगभग 50 इकाईयों के स्वयं सेवक भाग लेंगे जिसमें प्रति इकाई स्तर पर 04 चयनित स्वयंसेवक शासन के निर्धारित मापदण्डो को पूर्ण करते हुये सहभागिता करेंगें। इसी तारतम्य में लेख है कि, इस संदर्भ में आपकी संस्था के कार्यक्रम अधिकारी को उचित माध्यम से सूचित किया जा चुका है। दिनाक 20 नवम्बर 2021 तक सायं 6:00 बजे तक ईमेल/वाट्सऐप के माध्यम से चयनित स्वयंसेवको के नाम भेजने का कष्ट करें। दिनांक 20/10/2021 के उपरांत भेजे गये नाम स्वीकार नहीं किये जायेंगे परंतु यदि अपरिहार्य कारणोंवश स्वयंसेवकों के नाम न भेज पाने की स्थिति निर्मित हो तो दिनांक 21/10/2021 को चयनित स्वयंसेवकों को उनके कार्यक्रम अधिकारियों के साथ भेजने हेतु निर्देशित करें। कार्यक्रम अधिकारियों की जगह प्रतिनिधि मान्य नही होंगे। आपका बहुमूल्य सहयोग अपेक्षित है। स्वयंसेवको का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो के आधार पर ही किया जाये जो इस पत्र के साथ संलग्न है। कार्यक्रम अधिकारी एवं चयनित स्वयंसेवक मास्क एवं सेनेटाईजर अपने साथ लेकर उपस्थित होंगे तथा सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखेंगे इस संबंध में भी विशेष रुप से निर्देशित करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद

(डॉ0 आनन्द सिंह राणा)
जिला संगठक, रासेयो, जबलपुर
संपर्क-7987102901

सूचनार्थ - 1. राज्य संपर्क अधिकारी, म.प्र.शासन भोपाल
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग
3. कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो, रा.दु.वि.वि. जबलपुर

18/10/2021

# कार्यालय– जिला संगठक,

श्रीजानकीरमण महाविद्यालय,आगा चौक,रानीताल, जबलपुर, (म०प्र०)

## (अन्तर्गत–राष्ट्रीय सेवा योजना,रा.दु.वि.वि.जबलपुर)

फोन :- 0761-2412921 ईमेल : shrijankirmancollege@gmail.com

दिनांक :-16/10/2021

क्रमांक 21/जारस /2021

प्रति,

प्राचार्य
शास.अग्रणी महाकोशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
जबलपुर(म.प्र.)

विषय : जिला स्तरीय प्री आर.डी.सी.(पूर्व गणतंत्र दिवस) चयन प्रतियोगिता वर्ष 2022 के लिए चयनकर्ताओं,पर्यवेक्षकों एवं विशेष सहयोगकर्ताओं के नाम के अनुमोदन विषयक।

संदर्भ : 1.भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार।
2.कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक रासेयो/रादुविवि/2021/6554 दिनांक 12/10/2021।

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भ में आपको विदित हो, कि दिनांक 21/10/2021 दिन गुरुवार को शास.अग्रणी महाकोशल महाविद्यालय के मैदान में प्रातः 11:00 बजे से पूर्व गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता राष्ट्रीय सेवा योजना जिला जबलपुर के अन्तर्गत आयोजित की जा रही है, जिसमें जबलपुर जिले की लगभग 50 इकाईयों के स्वयं सेवक भाग लेंगे जिसमें गणतंत्र दिवस परेड हेतु जिला स्तर पर 30 स्वयंसेवकों का चयन किया जायेगा तदोपरांत विश्वविद्यालय स्तर पर 08 स्वयंसेवकों का चयन किया जायेगा। इसके उपरांत प्रदेश स्तर पर स्वयंसेवक चयनित होकर 26 जनवरी 2022 को राजपथ दिल्ली में परेड में सहभागिता करेंगे। चयन प्रक्रिया कुलपति रा.दु.वि.वि, प्रो.कपिलदेव मिश्र,अतिरिक्त संचालक,जबलपुर संभाग,डॉ.लीला भलावी, प्रो. बृजेश सिंह, कुलसचिव रा.दु.वि.वि, डॉ.अशोक मराठे,(कार्यक्रम समन्वयक,रा.दु.वि.वि.) के मार्गदर्शन में आयोजित होगी। इस चयनप्रक्रिया हेतु आपकी अध्यक्षता में चयनकर्ताओं के रुप में परेड एवं शारीरिक दक्षता के लिए डॉ.राहुल झारिया(लेफ्टिनेंट एन.सी.सी.,शास.महाकोशल महाविद्यालय),डॉ.शैलेन्द्र पाण्डेय(एन.सी.सी.अधिकारी,एल.एन.यादव विद्यालय,रांझी), 4एम.पी.सी.टी.आर. एवं वन.एम.पी.बटालियन से प्रेषित प्रतिनिधि,डॉ.देवांशु गौतम(रासेयो कार्यक्रम अधिकारी,मुक्त इकाई, रा.दु.वि.वि.जबलपुर),डॉ.अशोक नायक, एन.सी.सी.अधिकारी(नवयुग महाविद्यालय) एवं सांस्कृतिक पक्ष हेतु दविन्दर सिंह ग्रोवर (निदेशक,नाट्य लोक संस्था), डॉ.अरुणा(मानकुंवर बाई महाविद्यालय),डॉ.अभिलाषा शुक्ला, (सेंट अलॉयसिस महाविद्यालय),डॉ.मुकुल तिवारी(हितकारिणी गढा महाविद्यालय),पर्यवेक्षकों के रूप में डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी (प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय),डॉ.ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी(जी.एस.महाविद्यालय),डॉ.ए.सी.तिवारी(शास.महाकोशल महाविद्यालय)तथा सह संयोजक के रुप में डॉ.शिवचंद वल्के एवं डॉ.रश्मि टंडन (शास.महाकोशल महाविद्यालय),विशेष सहयोग हेतु ज्योति जुगनारे,क्रीड़ाधिकारी,(शास.महाकोशल महाविद्यालय) एवं सहयोग हेतु रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों मे डॉ.रचना डेनियल (शास. आदर्श विज्ञान महाविद्यालय), डॉ.जरीना जॉन चौधरी(शास.कन्या महाविद्यालय,रांझी), डॉ.अशोक बैनर्जी(जी.एस. महाविद्यालय),राजा तिवारी(महाराष्ट्र महाविद्यालय), श्री अजय मिश्रा(श्रीजानकीरमण महाविद्यालय) डॉ.प्रज्ञा दुबे(नचिकेता महाविद्यालय) के नामों के अनुमोदन हेतु अनुशंसा करता हूँ।

अनुमोदित
[signature] 16/10/21

[signature]
संयोजक
(डॉ0 आनन्द सिंह राणा)
जिला संगठक,रासेयो, जबलपुर

# शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा घोषित, विज्ञान शिक्षा का उत्कृष्टता केन्द्र, यू.जी.सी. द्वारा घोषित उत्कृष्टताक्षम महाविद्यालय, सीपीई, यू.जी.सी. द्वारा विशेष हेरिटेज स्टेटस प्राप्त, नैक द्वारा पुनः प्रत्यायन में "ए" ग्रेड प्राप्त, डी.एस.टी. फिस्ट ग्रांट प्राप्त

पचपेढी, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.) 482001

Email: hegscjab@mp.gov.in, Website: www.sciencecollegejabalpur.org

Phone-0761-2678737 Fax-0761-2621272


क्रमांक : 818 /2021 दिनांक : 18.10.2021

प्रति,
जिला संगठक
राष्ट्रीय सेवा योजना
जबलपुर

विषय : जिला स्तरीय प्री आर.डी.सी. चयन प्रतियोगिता वर्ष 2021–22 के लिये महाविद्यालय की रासेयो इकाई से चयनित स्वयंसेवक के नाम भेजने बावत्।

संदर्भः कार्यकम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय पत्र क. रासेयो/रादुविवि/2021/6554 दिनांक 12.10.2021

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र के परिपालन में दिनांक 21.02.2021 को जिला स्तरीय प्री आर.डी.सी. चयन प्रतियोगिता वर्ष 2021–22 के लिये महाविद्यालय की रासेयो इकाई से चयनित स्वयंसेवक के नाम भेजे जा रहे हैं, जो शासन के निर्धारित मापदंडों को पूर्ण करते हुये सहभागिता करेंगे।

- <u>छात्रा इकाई –</u>

1. मौसमी गौतम — बी.एससी. तृतीय वर्ष
2. भाग्यश्री मिश्रा — बी.एससी. द्वितीय वर्ष

- <u>छात्र इकाई –</u>

1. समर सिंह — बी.एससी. तृतीय वर्ष
2. जतिन केशवानी — बी.एससी. तृतीय वर्ष

18/10/2021

प्राचार्य
शासकीय विज्ञान महाविद्यालय,
जबलपुर

# शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा घोषित विज्ञान शिक्षा का उत्कृष्टता केन्द्र, यू.जी.सी. द्वारा घोषित उत्कृष्टताक्षम महाविद्यालय, सीपीई. यू.जी.सी. द्वारा विशेष हेरिटेज स्टेटस प्राप्त, नैक द्वारा पुनः प्रत्यायन मे "ए" ग्रेड प्राप्त, डी.एस.टी. फिरस्ट ग्रांट प्राप्त
पचपेढी, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.) 482001
Email: hegscjab@mp.gov.in, Website: www.sciencecollegejabalpur.org
Phone-0761-2678737 Fax-0761-2621272

दिनांक : 26.10.2021

क्रमांक :845/ 2021

प्रति,

डॉ. अशोक कुमार मराठे
कार्यक्रम समन्वयक
एन.एस.एस.
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर

विषय : रासेयो पूर्व गणतंत्र दिवस पर परेड शिविर 2021 हेतु चयनित विद्यार्थी के दस्तावेज संबंधी विवरण प्रदान करने बावत्।

संदर्भ : आपका पत्र क्रमांक /रासेयो/2021/6560–2 दिनांक

उपर्युक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र में सुश्री मिनाक्षी गौतम के संबंध में चाही गई जानकारी निम्नानुसार है।

1. सुश्री मिनाक्षी गौतम गत 02 वर्ष से महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की स्वयंसेवक है जिसने एक इकाई स्तर शिविर में सहभागिता की है।
2. उक्त छात्रा न वर्तमान में न ही पूर्व में एन.सी.सी. की कैडेट रही है।
3. उक्त छात्रा का कद 161 सेमी. है, जिसका प्रमाण पत्र संलग्न है।
4. उक्त में से कोई भी जानकारी गलत पाये जाने पर उस स्वयंसेवक की पात्रता समाप्त होगी एवं अन्य कार्यवाही की संपूर्ण जवाबदारी संस्था की होगी।

प्राचार्य
शासकीय विज्ञान महाविद्यालय
जबलपुर

अभी मास्क भी वैक्सीन है...
# दैनिक भास्कर
bhaskarhindi.com
## City भास्कर

# मिलाए कदम से कदम, लोकनृत्यों में दिखाया हुनर

## राष्ट्रीय सेवा योजना का जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर आयोजित, स्वयंसेवकों ने ड्रिल, रनिंग से लेकर आकर्षक नृत्य का किया प्रदर्शन

सिटी रिपोर्टर, जबलपुर। एक ओर स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाए तो वहीं मराठी, पंजाबी और लोकगीतों में भी नृत्य का जादू दिखाया। सुबह से शुरू हुई प्रतिस्पर्धा में प्रतिभागियों ने अपना दम-खम दिखाया, देर शाम होते-होते उत्साह कम नहीं हुआ बल्कि बढ़ता चला गया। यह अवसर रहा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाकोशल महाविद्यालय के प्रांगण में हुए रासेयो के जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर 2021 का। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रादुविवि के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र रहे। शिविर प्रो. लीला भलावी-अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग, प्रो. अशोक कुमार मराठे कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस रादुविवि, डॉ. प्रभा पुरवार प्राचार्य शासकीय महाकोशल महाविद्यालय व डॉ. आनंद सिंह राणा जिला संगठक एनएसएस के निर्देशन में हुआ।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं खास

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन भी खास रहा। मुख्य अतिथि प्रो. एएल महोबिया, प्राचार्य साइंस कालेज रहे। इस दौरान एकल नृत्य, एकल गीत, देशभक्ति गायन व कविता पाठ के माध्यम से अपना हुनर दिखाया। मूल्यांकन डॉ. अरुणा, डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. जरीना चौधरी, डॉ. अभिलाषा शुक्ला, डॉ. रश्मि टंडन व डॉ. रचना सांचा आदि ने किया। कार्यक्रम में डॉ. शिवचंद बलके, डॉ. अखिलेश पाठक, डॉ. प्रज्ञा दुबे, राजा तिवारी, अजय मिश्रा, प्रशांत डॉ. अशोक आदि की उपस्थिति रही।पी-3




■ **विवि स्तरीय शिविर में लेंगे भाग|** चयन प्रक्रिया में जबलपुर जिले के लगभग 50 छात्र एवं 50 छात्राओं ने सहभागिता की, जिनमें सर्वश्रेष्ठ 15 छात्र एवं 15 छात्राओं को चयनित कर विवि स्तर पर चयन शिविर में भेजा जाएगा, जहां जबलपुर संभाग के समस्त जिलों में से चयनित स्वयंसेवक सहभागिता करेंगे। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में हुई, प्रथम चरण में स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं का पंजीयन कर उनकी ऊंचाई, वजन का विवरण लिया गया, फिर स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षण देते हुए दौड़ की, इसके बाद कदमताल परेड का परीक्षण प्रारंभ हुआ, पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. अभिज्ञात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. एसी तिवारी, डॉ. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, एनसीसी से शैलेंद्र पांडे, प्रदीप चौहान, डॉ. अशोक नायक, आर के झारिया तथा डॉ. देवांशु गौतम ने मूल्यांकन किया।

### रनिंग, ड्रिल और परेड



सिलेक्ट होने के लिए पूरी कोशिश की है। रनिंग के साथ ड्रिल और परेड भी बेहतर तरीके से की। कई महीनों की प्रैक्टिस की वजह से प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकी।
तनिपा ब्यौहार, स्टूडेंट

### अच्छी रही प्रस्तुति



शारीरिक दक्षता के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया है, नृत्य प्रस्तुति अच्छी रही सुबह से देर शाम तक प्रतियोगिताओं में भाग लिया।
प्रिया सतनामी, स्टूडेंट

### समय सीमा का ध्यान



कई महीनों से मैं अभ्यास के माध्यम से खुद को प्रतियोगिता के लिए तैयार कर रहा हूं। आज सभी गतिविधियों में समय सीमा ध्यान रखकर प्रदर्शन किया।
अंकित लखेरा, स्टूडेंट

कोरोना भगाने
का लो टास्क,
पहनो मास्क

# पत्रिका

patrika.com


पत्रिका PLUS

09 पत्रिका
जबलपुर, शुक्रवार, 22 अक्टूबर, 2021



## जिला स्तरीय एनएसएस प्रीआरडीसी चयन प्रक्रिया का आयोजन

# ग्राउंड में दिखाया दम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी खास








पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जबलपुर ◆ रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय सेवा योजना जबलपुर के अंतर्गत जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन शासकीय महाकोशल कॉलेज के खेल मैदान में किया गया। रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, प्रो. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग, प्रो. अशोक कुमार मराठे, कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. प्रभा पुरवार, प्राचार्य शासकीय महाकोशल कॉलेज, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्राचार्य श्रीजानकीरमण कॉलेज के मार्गदर्शन में हुआ। निर्देशन एवं संयोजन डॉ. आनंद सिंह राणा, जिला संगठक एनएसएस का रहा। चयन प्रक्रिया में जबलपुर जिले के लगभग 50 छात्र एवं 50 छात्राओं ने सहभागिता की। इसमें से सर्वश्रेष्ठ 15 छात्र और 15 छात्राओं को चयनित किया गया। अब ये विश्वविद्यालय स्तर चयन शिविर में जाएंगे। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की गई।

### शारीरिक दक्षता को परखा

कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्वयंसेवकों का पंजीयन कर ऊंचाई, वजन इत्यादि का विवरण लिया गया। प्रथम चरण का संचालन व आभार प्रदर्शन डॉ. देवांशु गौतम ने किया। दूसरे चरण में स्वयंसेवकों ने शारीरिक दक्षता का परीक्षण दिया। इसके बाद कदमताल, मार्चपास्ट, परेड का परीक्षण प्रारंभ हुआ। इसमें परेड दक्षता चयनकर्ता और पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. एसी तिवारी, डॉ. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, एनसीसी से शैलेंद्र पांडे, प्रदीप चौहान, डॉ. अशोक नायक, डॉ. आर के झारिया ने मूल्यांकन किया। डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. जरीना जॉन चौधरी, डॉ. अरुणा, डॉ. शिवचंद बलके, डॉ. अभिलाषा शुक्ला, डॉ. रश्मि टंडन, डॉ. अखिलेश पाठक, डॉ. रचना सांचा, डॉ. प्रज्ञा दुबे, राजा तिवारी, अजय मिश्रा, प्रशांत,डॉ. अशोक उपस्थित थे।



### स्वयंसेवकों का किया गया मूल्यांकन

तीसरे चरण तीसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. एएल महोबिया थे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्वयंसेवकों का मूल्यांकन किया गया। स्वयंसेवकों ने एकल नृत्य, एकल गीत, देशभक्ति गायन, कविता पाठ आदि की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में प्रशांत कुमार चापेकर, रोशन प्रजापति, अरविंद लोधी, अंबिका द्विवेदी, सुयश श्रीवास्तव, अमित शिवहरे, सुबेन्दु मन्ना, निधि उपाध्याय, दीक्षा वर्मा, निखिल गुप्ता का सहयोग रहा।